प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक: 24.01.2025 समय : 09:00 ए.एम.

- राज्य सरकार ने फसल खराबे से प्रभावित 5 हजार 897 गांवों को अभावग्रस्त घोषित किया।
- प्रदेश की कृषि उपज मंडी समितियों में आधारभूत ढांचे विकसित करने के लिए 7 करोड़ रूपये से ज्यादा के कार्य कराये जायेंगे।
- राजस्थान उच्च न्यायालय में तीन नए न्यायाधीशों की नियुक्ति को मंजूरी मिली।
- राष्ट्रीय बालिका दिवस आज–प्रदेशभर में बालिकाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता लाने के लिए कार्यक्रम हो रहे है।

---------------------

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने खरीफ सीजन में बाढ़ और ओलावृष्टि से प्रभावित 21 जिलों के किसानों को एसडीआरएफ से कृषि आदान अनुदान देने की मंजूरी दी है। इसके लिए 20 जिलों के 33 प्रतिशत या उससे अधिक फसल खराबे वाले 5 हजार 897 गांव अभावग्रस्त घोषित किए गए हैं। आपदा प्रबंधन और सहायता विभाग इस बारे में अधिसूचना जारी करेगा। मुख्यमंत्री ने मानसून वर्ष 2024 में बाढ़ और ओलावृष्टि से खरीफ फसलों के खराबे के आकलन के लिए गिरदावरी के निर्देश दिए थे। जिला कलक्टरों से मिली नियमित गिरदावरी रिपोर्ट के आधार पर यह निर्णय लिया गया है।

---------------------

राज्य सरकार ने विभिन्न कृषि उपज मंडी समितियों में आधारभूत ढांचा विकसित करने के लिए 7 करोड़ 23 लाख रूपये से अधिक की लागत के नये निर्माण और बिजली के कार्यों को मंजूरी दे दी है। साथ ही कृषि विपणन विभाग द्वारा बनाई गई सड़कों की मरम्मत और रखरखाव कार्यों संबंधी प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गई है। इसके अनुसार कृषि विपणन विभाग की ओर से बनाई गई सम्पर्क सड़कों की मरम्मत और रखरखाव का काम अब कृषि विपणन बोर्ड करवायेगा। इसके लिए मंडी समितियों की सकल बचत की 5 प्रतिशत राशि का उपयोग किया जा सकेगा।

---------------------

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने नई पीढ़ी से मतदाता के रूप में खुद को पंजीकृत कराने और चुनाव में अवश्य मतदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि भारत एक युवा देश है। इसलिए नई पीढ़ी की जिम्मेदारी है कि वे प्रतिनिधि चुनने के अपने अधिकार का उपयोग करे। वे कल जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि राज्यस्तरीय मतदाता दिवस समारोह कल जयपुर के राजस्थान इन्टरनेशनल सेन्टर में आयोजित किया जाएगा। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। श्री महाजन ने बताया कि निर्वाचन से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट और सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों को इस अवसर पर राज्य स्तरीय पुरस्कार दिये जायेंगे।

---------------------

राज्य विधानसभा में आज से युवा संसद शुरू होगी। दो दिन चलने वाली इस युवा संसद के माध्यम से युवा विधानसभा की कार्यप्रणाली को समझ सकेगें। इस संसद में देश के विभिन्न राज्यों के विश्वविद्यालयों में पढ रहे युवा भाग लेंगे। इस दौरान राष्ट्रीय पर्यावरण विषय पर चर्चा की जायेगी। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि इससे प्रदेश के युवाओं को राजनीति क्षेत्र में कार्य करने के लिये प्रोत्साहन मिलेगा।

.....................

पाली जिले के सोजत में हवाई पट्टी को केंद्र की उड़ान योजना "उड़े देश का आम नागरिक" के तहत स्वीकृति मिल चुकी है। हमारे संवाददाता ने बताया कि सिविल एविएशन विभाग ने सोजत की हवाई पट्टी को विमान संचालन के लिए उपयुक्त माना है।

.....................

राजस्थान उच्च न्यायालय में तीन नए न्यायाधीशों की नियुक्ति की जायेगी। सुप्रीम कोर्ट की ओर से भेजी सिफारिश को मंजूर करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने न्यायिक अधिकारी कोटे के चंद्रशेखर शर्मा, प्रमिल कुमार माथुर और चन्द्र प्रकाश श्रीमाली की नियुक्ति की मंजूरी दे दी है। तीनों न्यायाधीशों को जल्दी ही हाईकोर्ट जज के तौर पर शपथ दिलाई जाएगी। प्रमिल कुमार माथुर वर्तमान में हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल हैं। चंद्र प्रकाश श्रीमाली जयपुर महानगर द्वितीय के जिला और सत्र न्यायाधीश हैं तथा चन्द्रशेखर शर्मा जोधपुर में डीजे पद पर कार्यरत हैं।

.....................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने वाले एनसीसी और युवा आदान–प्रदान कार्यक्रम के कैडेटों, स्वयंसेवियों, कलाकारों तथा जनजातीय समुदाय के अतिथियों से आज प्रधानमंत्री आवास पर मुलाकात करेंगे। इस वर्ष के गणतंत्र दिवस समारोह में सांस्कृतिक विविधता और सैन्य–शक्ति का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा लाल किला परिसर में 26 से 31 जनवरी तक भारत पर्व में मुख्य परेड में शामिल झांकियों सहित विभिन्न राज्यों की 43 झांकियां भाग लेंगी। इसमें राजस्थान की झांकी ''सोणो राजस्थान'' भी शामिल होगी। झांकी में प्रदेश की पारंपरिक और ऐतिहासिक संस्कृति, स्थापत्य परंपरा और हस्तशिल्प का प्रदर्शन किया जायेगा।

.....................

राष्ट्रीय स्कूल बैंड स्पर्धा 6.0 का ग्रैंड फिनाले आज से नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम मे होगा। यह प्रतियोगिता कल तक चलेगी। रक्षा मंत्रालय के सहयोग से शिक्षा मंत्रालय ग्रैंड फिनाले आयोजित कर रहा है। राज्य और अंचल स्तर पर प्रतिस्पर्धा के जरिए ग्रैंड फिनाले के लिए 13 राज्यों से 16 बैंड टीमों का चयन किया गया है। इसमें लडको के ब्रास बैंड वर्ग में सीकर के प्रिंस लोटस वेली अकादमी का बैंड भी भाग ले रहा है।

.....................

जयपुर जिले की सांभर झील पर आज से सांभर महोत्सव आयोजित किया जायेगा। पांच दिन के इस महोत्सव में स्थानीय लोगों के साथ–साथ देशी–विदेशी सैलानी भाग लेगें।

.......................

आज राष्ट्रीय बालिका दिवस है। वर्ष 2008 से मनाये जा रहे इस दिवस का उद्देश्य देश में बालिकाओं के प्रति सकारात्मक माहौल बनाने में लोगों की भागीदारी बढ़ाना है। इस अवसर पर प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। भीलवाडा में स्कूली बालिकाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक किया जाएगा। साथ ही कई प्रतियोगिताएं भी होंगी। हनुमानगढ में राजकीय कन्या महाविद्यालय में **सशक्त बिटिया–सशक्त समाज** विषय पर समारोह आयोजित किया जाएगा। झालावाड में इस दौरान रैली निकालकर बालिकाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया जायेगा।

.......................

प्रदेश में लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से यातायात नियमों की जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी में बालोतरा में कल नर्सिंग प्रशिक्षण केंद्र में रंगोली प्रतियोगिता रखी गई। इस दौरान प्रशिक्षण केंद्र में पढ रही छात्राओं को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के बारे में बताया गया। डूंगरपुर के एक स्कूल में परिवहन विभाग की ओर से वाहन चालकों के लिए निःशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। वहीं राजकीय महारावल विद्यालय में भी सडक सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम रखा गया। सवाईमाधोपुर पुलिस और सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से दुपहिया वाहन चालकों को मुफ्त हेलमेट बांटे गये। इधर जयपुर में राजस्थान पुलिस अकादमी में रोड सेफ्टी विषय पर आयोजित दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम कल सम्पन्न हुआ। कल 6 सत्र रखे गए, जिनमें सडक सुरक्षा पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने सड़क सुरक्षा की प्रतिज्ञा लेते हुए यातायात नियमों के पालन का संकल्प लिया।

.......................